वर्ष 2017-18 के लिए राइट्स लिमिटेड की वार्षिक रिपोर्ट तथा लेखा परीक्षा की समीक्षा

राइट्स लिमिटेड, भारत सरकार का एक उपक्रम, की स्थापना 1974 में भारतीय रेलवे के तत्वावधान में की गई.

- परिवहन, अवसंरचना एवं सम्बद्ध प्रौद्योगिकियों के क्षेत्र में राइट्स लिमिटेड बहुआयामी - परामर्शी संगठनहैयह रेल ., एयरपोर्ट, हाइवे, शहरी परिवहन, ब्रिज तथा सुरंग आदि जैसे विविध क्षेत्रों में सेवाएं प्रदान करती है .

राइट्स लि. को अफ्रीका, दक्षिण पूर्व एशिया, मध्य पूर्व तथा लैटिन अमेरिका में 55 से भी अधिक देशों में प्रचालनिक अनुभव प्राप्त है. विदेशों में राइट्स अधिकांशत: वहां की सरकारों एवं प्रतिष्ठित संगठनों के लिए कार्य कर रही है तथा भारत में केंद्र सरकार, राज्य सरकारें तथा निजी उद्यम राइट्स के ग्राहक हैं.

स्टाक एक्सचेंज में सूचीबद्ध

वर्ष के दौरान, कंपनी भारत सरकार के 12.6% स्वामित्व (स्टेक) के विनिवेश के लिए इनीशियल पब्लिक ऑफर लेकर आई. इस इश्यू को लगभग 67 गुणा ओवरसब्सक्राइब किया गया. कंपनी के इक्विटी शेयर को नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड और बीएसई लिमिटेड पर 2 जुलाई, 2018 को सूचीबद्ध किया गया.

वित्तीय मुख्य विशेषताएं

वित्तीय वर्ष 2017-18 के दौरान कंपनी का वित्तीय कार्य निष्पादन इस प्रकार रहा :

(रूपये करोड़ में)

विवरण	2017-18	2016-17
कुल आय	1603	1507
परिचालन टर्नओवर	1439	1299
परिचालन व्यय	1109	1019
अन्य आय	164	208
कर पूर्व लाभ (पीबीटी)	494	488
कर पश्चात लाभ (पीएटी)	337	331
लाभांश वितरण कर सहित लाभांश	178	176

Scanned by CamScanner

वित्तीय वर्ष 2017-18 के अंत में कंपनी का अभी तक सबसे अधिक ऑर्डर बुक रू. 4818 रहा. कंपनी को सार्वजनिक उद्यम विभाग द्वारा समझौता ज्ञापन के तहत प्रदर्शन मूल्यांकन में निरंतर 'उत्कृष्ट' रेटिंग प्राप्त हुई है.

आरईएमसीएल- राइट्स की सहायक कंपनी

आरईएमसीएल, राइट्स की सहायक कंपनी का कारोबार वर्ष 2016-17 में रू. 58 करोड़ की तुलना में वर्ष 2017-18 में बढ़कर रू. 69 करोड़ हो गया. आरईएमसीएल का कर पश्चात लाभ पिछले वर्ष के रू. 18 करोड़ की तुलना में वर्ष 2017-18 में बढ़कर रू. 30 करोड़ हो गया.

परिवहन इंफ्रास्ट्रक्चर एवं राइट्स

महत्वपूर्ण इंफ्रास्ट्रक्चर क्षेत्रों में निवेश में वृद्धि हुई है. राइट्स हाइवे, मेट्रो रेल तथा एयरपोर्ट सेक्टर में निरंतर विकास कर रही है. वर्ष के दौरान एयरपोर्ट परियोजना प्रबंधन परामर्श के लिए नई परियोजनाएं प्राप्त हुई है. 44 लोकोमोटिव्स के साथ, परिचालन एवं रख-रखाव सहित वेट लीज पर शंटिग लोकोमोटिव्स दिए जाने के कारोबार को घरेलू गैर-रेलवे ग्राहकों द्वारा स्वीकार किया गया.

प्रमुख घरेलू परियोजनाएं

वर्ष के दौरान, कंपनी अहमदाबाद-मुंबई के बीच हाई स्पीड पैंसेजर कॉरिडोर, दादरी-जेएनपीटी मुंबई के बीच डेडीकेटेड फ्रेट कॉरिडोर, दोहरीकरण, तिहरीकरण, विद्युतीकरण की रेल निर्माण परियोजना तथा वर्कशॉप के अपग्रेडेशन के कार्यों में व्यस्त रही.

प्रमुख विदेशी परियोजनाएं

कंपनी मॉरीशस में मेट्रो परियोजना के लिए तकनीकी सेवाएं उपलब्ध कराने, बांग्लादेश को कोचों की आपूर्ति, श्रीलंका को डीजल इलेक्ट्रिक मल्टीपल यूनिट ट्रेन सेट और ब्रॉड गेज लोकोमोटिव, म्यांमार को मीटर गेज लोकोमोटिव, गबन में नई स्टैंडर्ड गेज रेल लाइन के लिए इंजीनियरिंग परामर्श, बिराट नगर, नेपाल में एकीकृत चेक पोस्ट, बोत्सवाना तथा गुयाना में सड़क परियोजना के कार्यों में व्यस्त रही.

Scanned by CamScanner

मेक इन इंडिया, डिजीटल भारत तथा स्किल इंडिया मिशन :

मेक इन इंडिया पहल के तहत, सेल के साथ संयुक्त उद्यम (सेल राइट्स बंगाल वैगन इंडिया प्राइवेट लि.) के रूप में कुल्टी, पश्चिम बंगाल में वैगन के निर्माण तथा पुनर्वास का कार्य शुरू किया गया.

डिजीटल इंडिया पहल के तहत कंपनी ने सैप आधारित एंटरप्राइज़ रिसोर्स प्लानिंग; कार्य, माल एवं सेवाओं के लिए ई-प्रोक्योरमेंट को लागू किया है.

स्किल इंडिया मिशन के अनुरूप, कंपनी ने परिचालन के विभिन्न क्षेत्रों जैसे कि हाइवे, पोर्ट, ब्रिज, इलेक्ट्रिकल एवं सिगनलिंग परियोजना में गैर तकनीकी एवं गैर-इंजीनियरिंग श्रेणी में प्रशिक्षुओं को प्रशिक्षण प्रदान किया.

निगमित सामाजिक दायित्व

राइट्स ने वर्ष 2017-18 के दौरान सीएसआर गतिविधियों पर रू. 9.9 करोड़ व्यय किए.

****

Scanned by CamScanner